दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 24 जून 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 267

महत्वपूर्ण एवं खास

लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर खाई में गिरी बस, 42 घायल

कन्नौज (आरएनएस)। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह एक बस पलटकर खाई में गिर गई। हादसे में 42 लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह एक निजी डबल डेकर बस थी, जो जौनपुर से दिल्ली जा रही थी। अल सुबह चालक को झपकी आ जाने के कारण हादसा हुआ। घायलों में 30 को इलाज के लिए सौरिख सरकारी अस्पताल और 12 को तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। एएसपी, सीओ समेत कई थानों की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल यात्रियों को बाहर निकाला। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि यह हादसा छिबरामऊ तहसील के सौरिख थाना क्षेत्र में हुआ। घायल यात्रियों की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

एग्जाम देने गए बीजेपी नेता के बेटे का अपहरण, जांच में जुटी पुलिस

दानापुर (आरएनएस)। बीजेपी नेता के अपहरण का मामला सामने आया है। बीजेपी नेता राजेश सिंह दानापुर के डिफेंस कॉलोनी में रहते है उनका बेटा आशु बी फार्मा का एग्जाम देने सारण गया था। वहीं से आशु ने फोन करके आपने मां से कहा की उसका अपहरण हो गया है गेमिंग वाले उसे पीट रहे है उसे बचा लो ,लेकिन पिता से कुछ मत कहना नही तो ओ उसे मार डालेंगे। पिता को आशु की अपहरण की बात पता चली तो उन्होंने थाना में अपहरण की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस का कहना है अपहरण की शिकायत मिली है, तीन टीम बनाकर जांच की जा रही है।

सेल्फी लेने के चक्कर में गंगा में डूबे दोनों युवकों के शव बरामद

डलमऊ (आरएनएस)। पयागपुर गंगा घाट पर सेल्फी लेने के दौरान डूबे तीन युवकों में से लापता दो युवकों के शव रविवार को सुबह बरामद हुए हैं जबकि एक युवक तैर कर बाहर आ गया था। एनडीआरएफ की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद रविवार को सुबह उनके शव बरामद किए हैं। शनिवार को मशीन गंज निवासी मोहम्मद तौफीक मखदुमपुर निवासी मोहम्मद फहद एवं मोहम्मद शान एक बाइक पर सवार होकर पयागपुर गंगा घाट पर पहुंचे थे और तीनों युवक गंगा की धारा में सेल्फी लेने के लिए चले गए तभी उनका संतुलन बिगड़ गया था। दो साथी गंगा नदी में डूब गए जिनकी तलाश गोताखोरों के माध्यम से देर रात तक की गई लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल सका। सुबह लखनऊ से आई एनडीआरएफ की टीम ने लापता शवों की तलाश की तो घटनास्थल से 1 किलोमीटर आगे दोनों युवकों के शव बरामद हुए हैं। गदागंज थाना प्रभारी रामचंद्र आनंद ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। वहीं पर शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मोहम्मद शान घर का ही एकलौता चिराग था जो बकरीद के अवसर पर अपने मामा उस्मान के घर आया हुआ था और अपने साथियों के साथ गंगा तट पर पहुंच गया ।

सरकार ने सरकारी कर्मचारियों की बढ़ाया महंगाई भत्ता, एक जनवरी 2024 से मिलेगा लाभ

लखनऊ (आरएनएस)। प्रदेश सरकार ने छठे वेतनमान वाले कर्मचारियों के बाद अब पांचवां वेतनमान पाने वाले कर्मियों का महंगाई भत्ता भी बढ़ा दिया है। अब इन कर्मचारियों को मूल वेतन का 443 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता मिलेगा। इन्हें यह लाभ एक जनवरी 2024 से दिया जाएगा। वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने इसका शासनादेश जारी कर दिया है। अभी तक पांचवें वेतनमान पाने वाले कर्मी मूल वेतन का 427 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता पाते थे। इसमें 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। अब इन्हें 443 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता मिलेगा। इसका लाभ उन कर्मचारियों को मिलेगा, जिन्हें एक जनवरी 2006 से पुनरीक्षित वेतन का लाभ नहीं मिल रहा है। एक जनवरी से 31 मई तक बढ़ी हुई दर पर महंगाई भत्ते की देय धनराशि कर्मचारियों के भविष्य निधि खाते, पीपीएफ या फिर एनएससी के रूप में दी जाएगी। राष्ट्रीय पेंशन योजना का लाभ लेने वाले कर्मियों की अवशेष धनराशि का 10 प्रतिशत उनके टियर-एक पेंशन खाते में जमा की जाएगी। शेष 90 प्रतिशत धनराशि कार्मिक के पीपीएफ में जमा कराई जाएगी या फिर एनएससी के रूप में दी जाएगी।

इसरो ने फिर किया कमाल, रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल 'पुष्पक' की लगातार तीसरी सफल लैंडिंग

नई दिल्ली । आरएनएस

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने अपने रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल-एलईएक्स-03 'पुष्पक' की लगातर तीसरी बार सफल लैंडिंग कराकर बड़ी सफलता हासिल की है। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल को लैंड कराने में सफलता हासिल करने के बाद अब इसरो के लिए 'पुष्पक' का ऑर्बिटल री-एंट्री टेस्ट करने का रास्ता साफ हो गया है। इसरो ने रविवार को एक बयान में कहा कि 'पुष्पक' ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उन्नत स्वायत्त क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए एक सटीक होरिजेंटल लैंडिंग को अंजाम दिया।

यह परीक्षण बेंगलुरु से लगभग 220 किमी दूर चित्रदुर्ग जिले के चल्लकेरे में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में आयोजित किया गया था। पुष्पक को इंडियन एयरफोर्स के चिनूक हेलिकॉप्टर से 4.5 किमी की ऊंचाई तक ले जाया गया और रनवे पर ऑटोनॉमस लैंडिंग के लिए छोड़ा गया। दूसरे एक्सपेरिमेंट के दौरान पुष्पक को 150 मीटर की क्रॉस रेंज से छोड़ा गया था। इस बार क्रॉस रेंज बढ़ाकर 500 मीटर कर दिया गया था। जब पुष्पक को हेलिकॉप्टर से छोड़ा गया था, उस वक्त उसकी लैंडिंग वेलोसिटी 320 किमी प्रतिघंटा से ज्यादा थी। ब्रेक पैराशूट की मदद से टचडाउन के लिए इसकी विलोसिटी को घटाकर 100 किमी प्रतिघंटा तक लाया गया।

आरएलवी प्रोजेक्ट इसरो का एक महत्वपूर्ण प्रोग्राम है, जो अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति की भारत की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए आवश्यक तकनीक उपलब्ध कराता है। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल से इसरो को स्पेस में लो-कॉस्ट एक्सेस मिलेगा यानी स्पेस में ट्रैवल करना सस्ता हो जाएगा। इस सैटेलाइट से प्रोजेक्ट लॉन्चिंग सस्ती होगी, क्योंकि इसे दोबारा प्रयोग में लाया जा सकेगा।

पृथ्वी की कक्षा में घूम रही किसी सैटेलाइट में अगर खराबी आती है तो इस लॉन्च व्हीकल की मदद से उसको नष्ट करने की बजाय रिपेयर किया जा सकेगा। इसके अलावा जीरो ग्रैविटी में बायोलॉजी और फार्मा से जुड़े रिसर्च करना आसान हो जाएगा। पहला लैंडिंग एक्सपेरिमेंट 2 अप्रैल 2023 और दूसरा 22 मार्च 2024 को किया गया था। यह अंतिम लैंडिंग एक्सपेरिमेंट था, जो सफल रहा। अब इसरो इस लॉन्च व्हीकल का ऑर्बिटल री-एंट्री टेस्ट करेगा। इस टेक्नोलॉजी से रॉकेट लॉन्चिंग सस्ती होगी और अंतरिक्ष में उपकरण पहुंचाने में कम लागत आएगी।

जेएंडके: घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एलओसी पर दो आतंकियों के शव मिले- भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद

श्रीनगर । आरएनएस

जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में जारी घुसपैठ रोधी अभियान के दौरान रविवार को सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को ढेर किया है। एक अधिकारी ने बताया, आज (रविवार को) दो आतंकियों के शव बरामद किए गए है। इसके अलावा भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है।

इससे पहले, शनिवार को उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों के एक समूह को सुरक्षा बलों ने चुनौती दी थी। सुरक्षा बलों की कार्रवाई में कम से कम दो आतंकवादी मारे गए थे। अधिकारी ने बताया कि शनिवार को दोनों आतंकवादियों के शव बरामद नहीं किए जा सके, क्योंकि वे नियंत्रण रेखा के करीब पड़े थे।

इससे पहले उत्तरी कश्मीर के सोपोर में 19 जून को आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस एनकाउंटर में भी 2 आतंकी मारे गए थे। गत 9 जून को जम्मू-कश्मीर के रियासी में आतंकियों ने तीर्थयात्रियों को लेकर वैष्णो देवी जारी एक बस पर घात लगाकर हमला किया था। ड्राइवर को गोली लगने के कारण बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी थी। इस हमले में 9 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी और 30 से अधिक घायल हुए थे।

इंदौर में बीजेपी नेता की गोली मारकर हत्या, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के थे करीबी

इंदौर । आरएनएस

मध्य प्रदेश के इंदौर से एक बहुत बड़ी खबर सामने आ रही है। रविवार को भाजपा युवा मोर्चा के नगर उपाध्यक्ष मोनू कल्याणे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मोनू मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बेहद करीबी थे। घटना शहर के एमजी रोड थाना क्षेत्र के चिमनबाग इलाके की है। जानकारी के मुताबिक पुरानी रंजिश के चलते पीयूष और अर्जुन ने मोनू कल्याणे को गोली मारी। फिलहाल दोनों आरोपी फरार हैं और उनकी तलाश जारी है।

इंदौर के विधानसभा क्रमांक 03 की राजनीति में दखल रखने वाले मोनू कल्याणे की गिनती कैलाश विजयवर्गीय के बेटे पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय के खास लोगो में होती थी। गोली लगने से घायल मोनू को लेकर उनके साथी अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना से पहले पीयूष और अर्जुन बाइक पर बैठे-बैठे मोनू के साथ कुछ चर्चा करने लगे। इसी दौरान बाइक पर पीछे बैठे अर्जुन ने पिस्टल निकालर मोनू कल्याणे पर ताबड़तोड़ फायरिंग की और पीयूष के साथ मौके से फरार हो गया। आरोपियों ने चिमनाबाग चौराहे पर मौजूद मोनू के दोस्तों पर भी फायरिंग की, लेकिन वे बच गए। घटान के बाद कैलाश विजयवर्गीय के बेटे और इंदौर 03 विधानसभा के पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय अपने समर्थकों के साथ मोनू के घर पहुंचे और उनके परिजनों से मुलाकात की।

पति-पत्नी बने सोनाक्षी-जहीर, सामने आई शादी की तस्वीरें

❒ मीडिया को बांटी शादी की मिठाई

नई दिल्ली । आरएनएस

सोनाक्षी सिन्हा अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल की दुल्हन बन गई हैं. कपल की रजिस्टर्ज मैरिज अब संपन्न हो चुकी है. दोनों की फैमिली और खास दोस्त इस दौरान उनके साथ मौजूद रहे. शादी होने के बाद उन्होंने मीडिया को मिठाई भी बांटी. अब शादी के बाद कपल एक शानदार रिसेप्शन भी देगा.

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने कोर्ट मैरिज कर ली है, जिसके बाद दोनों ने शादी का ऐलान करते हुए इंस्टाग्राम पर खूबसूरत पोस्ट शेयर किया है. वहीं इस खास दिन की कुछ खूबसूरत तस्वीरें भी शेयर की हैं, जो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. इस पर फैंस औऱ सेलेब्स प्यार बरसाते हुए नजर आ रहे हैं. इससे पहले एक्ट्रेस के पिता और दिग्गज एक्टर शत्रुघ्न सिन्हा ने भी बेटी और दामाद को मीडिया से बात करते हुए अपना आशीर्वाद दिया.

इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने पति जहीर इकबाल के साथ कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें पहली फोटो में दूल्हेराजा अपनी दुल्हनिया का हाथ चूमते नजर आ रहे हैं. दूसरी फोटो में जहीर इकबाल शादी के कागजों पर साइन करते हुए दिख रहे हैं. वहीं सोनाक्षी को पिता शत्रुघ्न सिन्हा का हाथ थामे मुस्कुराते हुए देखा जा सकता है. तीसरी फोटो में कपल रोमांटिक पोज देते हुए नजर आ रहा है. लुक की बात करें तो एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने शादी के लिए क्रिम कलर की खूबसूरत साड़ी चुनी है. जबकि सिंपल ज्वैलरी के साथ बालों में सफेद फूल लगाया हुआ है. वहीं जहीर वाइट कलर के कुर्ते पजामे में नजर आ रहे हैं.

इस पोस्ट के साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, आज ही के दिन, सात साल पहले (23.06.2017) हमने एक दूसरे की आंखों में प्यार को उसके सबसे शुद्ध रूप में देखा और उसे थामे रखने का फैसला किया. आज उस प्यार ने हमें सभी चुनौतियों और जीत के माध्यम से मार्गदर्शन कियाज्और इस पल तक ले आयाज् जहां हमारे दोनों परिवारों और हमारे दोनों देवताओं के आशीर्वाद सेज् हम अब पति-पत्नी हैं. यहां प्यार, उम्मीद और एक दूसरे के साथ सभी खूबसूरत चीजें हैं,

सीबीआई करेगी नीट परीक्षा में गड़बड़ी की जांच, केंद्र सरकार ने लिया बड़ा फैसला

नई दिल्ली । आरएनएस

शिक्षा मंत्रालय ने नीट परीक्षा 2024 में कथित अनियमितताओं की जांच सीबीआई को सौंप दी है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने 5 मई 2024 को ओएमआर मोड में एनईईटी (यूजी) परीक्षा आयोजित की थी। जिसमें अनियमितताओं के कुछ मामले सामने आए हैं। वहीं परीक्षा प्रक्रिया के संचालन में पारदर्शिता के लिए भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने समीक्षा के बाद इस मामले को जांच के लिए सीबीआई को सौंपने का निर्णय लिया है।

केंद्र सरकार ने सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक रोकने के लिए सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 भी लागू किया है। सरकार का कहना है कि वह परीक्षाओं की शुचिता सुनिश्चित करने और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। पेपर लीक में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति या संगठन को सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

दरअसल केंद्र सरकार ने शनिवार को स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट परीक्षा के आयोजन में अनियमितताओं और पेपर लीक के आरोपों की सीबीआई जांच का आदेश दिया। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एनईईटी परीक्षा के संबंध में कथित अनियमितताओं के कुछ मामले सामने आए हैं। वहीं परीक्षा प्रक्रिया के संचालन में पारदर्शिता के लिए शिक्षा मंत्रालय ने समीक्षा के बाद जांच के लिए मामले को सीबीआई को सौंपने का फैसला किया है।

नीट परीक्षा 5 मई को देश के 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी और लगभग 24 लाख उम्मीदवारों ने इसमें भाग लिया था। परिणाम 4 जून को घोषित किए गए थे। परिणाम के तुरंत बाद प्रश्न पत्र लीक के आरोप लगाए गए, क्योंकि 67 से अधिक छात्रों ने अधिकतम अंक हासिल किए, जिनमें से कुछ एक ही परीक्षा केंद्रों से आए थे। पुलिस की प्रारंभिक जांच में बिहार में अनियमितताएं और पेपर लीक का पता चला, और कुछ उम्मीदवार भी सार्वजनिक रूप से आगे आए और दावा किया कि उन्हें परीक्षा की पूर्व संध्या पर प्रश्न पत्र मिले थे। आरोपों के कारण कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए और कई हाई कोर्टों के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट में भी याचिकाएं दायर की गईं।

सीबीआई ने दर्ज की पहली एफआईआर- देश में जहां नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सियासत गरमाई हुई है। वहीं दूसरी तरफ इस मामले में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज कर ली है। सूत्रों के अनुसार सीबीआई ने आईपीसी की अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले में सीबीआई अलग-अलग एंगल से जांच में जुटी है।

आपको बता दें कि केंद्र सरकार ने नीट यूजी परीक्षा में धांधली के आरोपों को बेहद गंभीरता से लेते हुए इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। इससे पहले, सरकार ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के प्रमुख को भी पद से हटा दिया, वहीं नेट-पीजी प्रवेश परीक्षा के लिए होने वाले एग्जाम को भी स्थगित कर दिया गया।

नीट-यूजी परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद देश के कई हिस्सों में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए थे। शिक्षा मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि 5 मई को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट-यूजी परीक्षा का आयोजन किया था। कथित अनियमितताओं के कुछ मामले सामने आए हैं। एक अधिकारी ने कहा, परीक्षा प्रक्रिया के संचालन में पारदर्शिता के लिए समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया कि मामले को व्यापक जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया जाए।

कोडरमा में होटल में दो युवकों की गोली मारकर हत्या

कोडरमा । आरएनएस

झारखंड के कोडरमा जिला मुख्यालय स्थित एक होटल में शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे दो गुटों के बीच हुए विवाद के दौरान दो युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मारे गए युवकों में कोडरमा के जलवाबाद निवासी 32 वर्षीय राजन और 40 वर्षीय नसीम शामिल हैं।

इस डबल मर्डर से स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। सैकड़ों लोगों ने जिला मुख्यालय के पास रांची-पटना रोड जाम कर दिया है। बताया गया कि हाईवे के किनारे बागी टांड़ स्थित शांति होटल में डिनर करने पहुंचे युवकों का कुछ लोगों के साथ विवाद हो गया। इसके बाद एक गुट के लोग रिवाल्वर लेकर पहुंचे और दोनों युवकों पर अंधाधुंध फायरिंग की।

वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी बिहार की तरफ भाग गए। बाद में स्थानीय लोगों ने दोनों युवकों को हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची है। वारदात के विरोध में बड़ी संख्या में लोग सडक़ पर उतर आए हैं और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि गोली मारने वालों की पहचान हो गई है।

रेलवे प्लेटफॉर्म टिकट होगा सस्ता, दूध पर एक टैक्स जीएसटी काउंसिल के हैं बड़े ऐलान

नई दिल्ली । आरएनएस

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी यानी गुड्स एंड सर्विस टैक्स काउंसिल की पहली बैठक आज यानी 22 जून को हुई। आम चुनाव में जीत के बाद मोदी 3.0 सरकार में जीएसटी की इस पहली बैठक में कई राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हुए। इस बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं। जीएसटी काउंसिल की बैठक के बाद वित्त मंत्री ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि बैठक में व्यापार को आसान बनाने और करदाताओं को राहत देने के लिए कई फैसले लिए गए हैं। इन फैसलों से व्यापारियों, रूस्रूश्वह्य और करदाताओं को लाभ होगा। आइए जानते हैं कि आज GST काउंसिल की बैठक में क्या अहम फैसले हुए-

रेलवे प्लेटफॉर्म टिकट अब GST के दायरे से बाहर- भारतीय रेलवे की ओर से आम आदमी को दी जाने वाली सेवाओं को GST के दायरे से बाहर रखने की सिफारिश की है। इसमें प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री, रिटायरिंग रूम और वेटिंग रूम की सुविधा, बैटरी चालित कार जैसी सेवाएं शामिल हैं। इसके अलावा इंट्रा-रेलवे सप्लाई को भी GST से छूट दी जा रही है।

सेक्शन 73 के तहत भेजे नोटिस पर ब्याज और जुर्माना होगा माफ- केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा, आज काउंसिल ने GST एक्ट की सेक्शन 73 के तहत जारी किए गए डिमांड नोटिसों पर ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की है, जिसमें धोखाधड़ी, दमन या गलत बयानी से जुड़े मामले शामिल नहीं हैं। वित्त वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के लिए सेक्शन 73 के तहत जारी किए गए सभी नोटिसों के लिए, परिषद ने उन डिमांड नोटिसों पर ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की है, जो तामील हो चुकी है।

सोलर कुकर, दूध के कैन और कार्टन बॉक्स पर लगेगा 12% टैक्स- जीएसटी काउंसिल ने दूध के कैन पर 12 फीसदी के दर से टैक्स लगाने की सिफारिश की है। इसके अलावा काउंसिल ने सभी कार्टन बॉक्स पर 12 फीसदी की दर निर्धारित की है। सभी सोलर कुकर पर भी 12% जीएसटी दर लागू होगी। साथ ही फायर स्प्रिंकलर सहित सभी प्रकार के स्प्रिंकलर पर भी 12 फीसदी जीएसटी की दर लागू होगी।

फेक इनवॉइस रोकने के लिए बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन- केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि फेक इनवॉइस पर रोक लगाने के लिए चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन लागू किया जाएगा।

पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने का इरादा: वित्त मंत्री- निर्मला सीतारमण ने साफ किया कि केंद्र सरकार का इरादा पेट्रोल, डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने का है। इसके लिए किसी संशोधन की जरूरत नहीं है। राज्यों को इसमें शामिल होकर फ्यूल्स पर GST दर तय करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए एक मंत्रियों के समूह (त्रशरू) का गठन हुआ है, जो अगस्त में GST परिषद को रिपोर्ट देगा।

अगस्त में होगी GST काउंसिल की अगली बैठक- GST काउंसिल की अगली बैठक अब अगस्त में होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बाकी बचे एजेंडे पर चर्चा के लिए काउंसिल की अगली बैठक अगस्त के मध्य में आयोजित करने का फैसला लिया गया। उन्होंने कहा कि दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए एक मंत्रियों के समूह का गठन हुआ है, जो अगस्त में GST परिषद को रिपोर्ट देगा।